Theft in Salar Jung Museum

1125. SHRI VIKRAM MAHAJAN :
SHRI M. RAM GOPAL REDDY :

Will the Minister of CULTURE be pleased to state :

(a) whether his attention has been invited to the news item appearing in the 'Biltz' dated the 10th June, 1972, under the heading 'Theft and neglect ruin Salar Jung Museum; and

(b) if so, the reaction of Government thereto and the remedial measures adopted in this regard?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF EDUCATION AND SOCIAL WELFARE AND IN THE DEPARTMENT OF CULTURE (SHRI (D. P. YADAV) : (a) Yes, Sir.

(b) The Salar Jung Museum Board have entrusted the investigation to the local Police. The report from the Police is awaited.

Separately, on receipt of reports regarding the theft of 44 miniature paintings and connected matters regarding the Salar Jung Museum, the Government have asked the Central Bureau of Investigation to investigate the matter.

दिल्ली के कालेजों में प्रवेश

1126. **श्री शिव कुमार शास्त्री** :
श्री हरी सिंह :

क्या शिक्षा और समाज कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों में छात्रों की बहुत बड़ी संख्या को इस बार प्रवेश नहीं दिया गया है ; और

(ख) यदि हां, तो इन छात्रों का भविष्य बनाने के विचार से सरकार कौन से उपयों पर विचार कर रही है ?

शिक्षा, समाज कल्याण तथा संस्कृति मन्त्री (प्रो० एस० नुरूल हसन): (क) विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों में दाखिला न पाने वाले रजिस्टर्ड छात्रों के आंकड़ों के अनुसार 2377 छात्र ऐसे थे जो अंकों की 40 प्रतिशतता रखते हुए भी कालेजों में दाखिला नहीं पा सके थे।

(ख) दिल्ली विश्वविद्यालय ने इस वर्ष एक व्यवसायिक अध्ययन कालेज खोला है। इसके अतिरिक्त दिल्ली प्रशासन ने दो और कालेज खोलने का निर्णय किया है जिसमें 800 छात्रों को दाखिल किया जा सकेगा । पत्राचार पाठ्यक्रम तथा शिक्षा जारी रखने के स्कूल में अभी भी 2000 स्थान और गैर-कालेज महिला शिक्षा बोर्ड में 750 स्थान खाली है।

दिल्ली विश्वविद्यालय में शिक्षा के स्तर में गिरावट होना

1127. **श्री शिव कुमार शास्त्री** :
श्री बनमाली पटनायक :

क्या शिक्षा और समाज कल्याण मन्त्री यह बताने कि कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उनका ध्यान दिल्ली विश्वविद्यालय के वर्तमान उपकुलपति के उस वक्तव्य की ओर दिलाया गया है जिसमें उन्होंने कहा है कि छात्रों की संख्या में भारी वृद्धि होने के परिणामस्वरूप शिक्षा के स्तर में गिरावट आ गयी है ;

(ख) क्या दिल्ली में एक दूसरे विश्वविद्यालय की स्थापना पर विचार किया जा रहा है ; और

(ग) यदि नहीं, तो क्षात्रों की बढ़ती हुई संख्या की समस्या को हल करने की और शिक्षा के स्तर में गिरावट को रोकने के लिए सरकार का क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

शिक्षा, समाज कल्याण तथा संस्कृति मन्त्री (प्रो० एस० नुरूल हसन) :(क) जी नहीं। तथापि कुलपति ने कई अवसरों पर उन कालेजों के संचालन में हो रही कठिनाइयों का विशेष उल्लेख किया है जिनकी संख्या में पिछले कई वर्षों में तीव्र गति से वृद्धि हुई है।

(ख) जी नहीं।

(ग) दिल्ली प्रशासन तथा दिल्ली विश्वविद्यालय, जब कभी भी इसकी आवश्यकता पड़ी है, नये कालेज खोलते रहे हैं। इसके अलवा, कुछ